संदर्भ शर्तें (टीओआर)
सीनियर कनसल्टेंट – पीएम–एबीएचआईएम,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर उपर्युक्त उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

उत्तरदायित्व :

- पीएम–एबीएचआईएम के अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर आवश्यकता अनुसार पीएम–एबीएचआईएम के लिए नीति, तकनीकी और कार्यक्रम समर्थन उपलब्ध कराना
- पीएम–एबीएचआईएम के अंतर्गत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए मार्गदर्शन, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), टेम्पलेट्स, प्रारूपों के साथ मार्गदर्शन दस्तावेज विकसित करना
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रूपरेखा के साथ तालमेल बिठाने में पीएम–एबीएचआईएम के जनादेश वितरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अन्य कार्यक्रम प्रभागों के साथ कार्य
- कार्यक्रम के संबंध में नीति और कार्यक्रम कार्यान्वयन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का मार्गदर्शन
- नीति और समुचित परिवर्तन की तरफदारी के बारे में सूचित करने के लिए विभिन्न राज्यों/जिलों से क्षेत्र समीक्षा यात्रा से प्रमाण एकत्रित करना और विश्लेषण। योजना और स्थितिपरक विश्लेषण से उत्पन्न प्रस्तावों/रणनीतियों का विकास और कार्यान्वयन सुगम बनाना
- कार्यक्रम और नीतियों में सुधार के लिए कार्यान्वयन और परिचालन अनुसंधान तथा मूल्यांकन करना
- पीएम–एबीएचआईएम की प्रगति की निगरानी और नियमित आधार पर भूल सुधार के बारे में सुझाव उपलब्ध कराना
- कार्यान्वयन निकायों के लिए बजट के साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन और प्रसार सुनिश्चित करना तथा परिणाम रूपरेखा पर आधारित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करना
- कार्यान्वयन निकायों के लिए बजट के साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन और प्रसार सुनिश्चित करना तथा निगरानी एवं मूल्यांकन रूपरेखा पर आधारित आवधिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपी गई अन्य गतिविधियां/कार्य करना

शैक्षिक योग्यता/ आवश्यकताएं

- सामाजिक मेडिसिन और सामुदायिक स्वास्थ्य में एमबीबीएस / बीडीएस / बीएचएमएस / बीएएमएस / एमडी / एमफिल/सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर/स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए/सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि
- शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नियोजन या कार्यान्वयन में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे आमतौर से उपयोग किए जाने वाले पैकेज्स में उच्च स्तर की जानकारी के साथ कंप्यूटर में दक्षता
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और दूसरों से बातचीत करने की क्षमता, उत्कृष्ट मौखिक और लेखन कौशल। हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है
- अनेक विषयों से संबंधित टीम के वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता
- जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्र स्तर पर कार्य करने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालन में प्रदर्शित अनुभव
- असाइनमेंट की समयसीमा पूरी करने के लिए एक साथ विविध असाइनमेंट पर कार्य करने के लिए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक
- भारत सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं में कार्य करने का अनुभव

अनुबंध की अवधि :
छांटे गए उम्मीदवारों के व्यक्तिगत साक्षात्कार सहित छंटनी प्रक्रिया के उपरांत चयनित उम्मीदवारों पर शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा। संतोषजनक कार्यप्रदर्शन के विषयाधीन अधिकतम योजना की अवधि तक अनुबंध का विस्तार किया जा सकता है।

पदों की संख्या : एक
स्थान : दिल्ली
अन्य शर्तें : भारत सरकार/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वर्तमान शर्तों के अनुसार
आयु सीमा : 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

परिलब्धियों की सीमा : रुपए 90,000/ से 1,50,000/– प्रति माह। परिलब्धियां परक्राम्य (बातचीत के आधार पर तय करने योग्य) होंगी और उम्मीदवार की शैक्षिक योग्यता और अनुभव के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

आवेदन कैसे करें : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **07-Feb-2023** है।